Regarding establishment of an AIIMS in Sambhal or Moradabad-laid

श्री जिया उर रहमान **(सम्भल) :** मैं अपने लोक सभा क्षेत्र में एक AIIMS (एम्स) की स्थापना के संबंध मे अपनी मांग रखना चाहता हूँ । मेरी लोक सभा क्षेत्र में अब तक किसी भी एम्स की स्थापना नही हुई है । जिला सम्भल और मुरादाबाद में कैंसर से हजारों लोग पीड़ित है । इसके अलावा क्षेत्र में कई गंभीर रोगो का भी प्रभाव है । जिसके कारण काफी लोगों की मौत हो चुकी है । इन गंभीर बीमारीयों का मुरादाबाद व संभल में कोई इलाज नहीं है ।

गरीब व्यक्ति धन के कारण अपना इलाज नहीं करा पाते और जान दे देते है । कृपया इस गंभीर विषय की ओर ध्यान देकर एम्स की स्थापना संभल या मुरादाबाद मे कराने की कृपा करें ।